भारत सरकार/Govt. of India
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/Ministry of Earth Sciences
भारत मौसम विज्ञान विभाग/India Meteorological Department
मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ/Meteorological Centre Lucknow

**Red Alert**

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक: 17 दिसंबर 2025 (भा.मा.स. 16:00 बजे)**

### विषय: - प्रदेश में 17-20 दिसंबर,2025 घना से अत्यन्त घना कोहरा एवं शीत दिवस की चेतावनी

**विषय: प्रदेश में घना से अत्यन्त घना कोहरा एवं शीत दिवस की चेतावनी**


- पश्चिम भारत एवं आसन्न मध्य भारत के क्षेत्रों में स्थित प्रति-चक्रवात (Anticyclone), जो माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी से 7.6 किमी की ऊँचाई तक फैला हुआ है, तथा 12.6 किमी पर स्थित उष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम (Tropical Westerly Jet Stream) जिसकी कोर में हवा की गति 185 किमी/घंटा है, के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में घना से अत्यन्त घना कोहरा दर्ज किया गया है।
- निम्न क्षोभमण्डल में व्युत्क्रम परत (Inversion Layer) की उपस्थिति के कारण प्रदेश के बड़े भूभाग पर कोहरे की परत दिन के अधिकांश समय तक बनी रही। इसके परिणामस्वरूप मंगलवार को अधिकतम तापमान में प्रदेश के कई हिस्सों में 5–6 डिग्री सेल्सियस तथा कहीं-कहीं 8–10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया।

**आगामी पूर्वानुमान**

- उक्त मौसमी परिस्थितियाँ अगले 2–3 दिनों तक जारी रहने की सम्भावना है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के कुछ हिस्सों में घना से अत्यन्त घना कोहरा छाए रहने तथा शीत दिवस की स्थितियाँ विकसित होने की संभावना है।

मौसम केन्द्र, लखनऊ द्वारा इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट तथा कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**0522-2436283** **https://mausamgram.imd.gov.in**
**mclucknow@gmail.com**




## शीत दिवस

*मैदानी क्षेत्रों में जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो तथा अधिकतम तापमान का सामान्य तापमान से विचलन -4.5 से -6.4 डिग्री सेल्सियस हो तो ऐसी स्थित को शीत दिवस (Cold Day) कहते है तथा जब अधिकतम तापमान का विचलन -6.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक को तो उसे अत्यन्त शीत दिवस (Severe Cold Day) कहते है |*

Figure 1 17 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10:12 बजे कोहरे की स्थित

## 16 दिसम्बर 2025 को 08:30 पर समाप्त पिछले 24 घण्टों के दौरान सतही दृश्यता


| कोहरे की श्रेणी | पश्चिमी उत्तर प्रदेश (स्थान तथा दर्ज सतही दृश्यता मीटर में | पूर्वी उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|
| अत्यन्त घना कोहरा (सतही दृश्यता 50 मीटर से कम) | बरेली (आईएएफ)-00 प्रत्येक, बरेली-30, शाहजहांपुर-40 | गोरखपुर (आईएएफ), एएमएस कुशीनगर और कानपुर (आईएएफ)-00 प्रत्येक, बहराइच-20, लखनऊ (एयरपोर्ट), फतेहगढ़, कानपुर (शहर), हरदोई-30, बलिया-40, |
| घना कोहरा (सतही दृश्यता 50 मीटर से 200 मीटर के बीच) | एएमएस मुरादाबाद-50 | फुरसतगंज-50, गोरखपुर-150 |
| मध्यम कोहरा (सतही दृश्यता 200 मीटर से 500 मीटर के बीच) | नजीबाबाद-200, मुरादाबाद-400 | एएमएस श्रावस्ती-200, एएमएस अयोध्या, सुल्तानपुर से बाराबंकी-300 प्रत्येक, एएमएस आजमगढ़ और वाराणसी (एपी)-400 प्रत्येक |
| छिछला कोहरा (सतही दृश्यता 500 मीटर से 1 किमी के बीच) | एएमएस अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर-500 प्रत्येक आगरा (आईएएफ)-600 | प्रयागराज(आईएएफ)-500, बस्ती-650, प्रयागराज-700 |


## जनपदवार मौसम चेतावनी तथा ग्राफ़िक्स (चित्रमुद्रण):-


| दिन-1 / Day-1 ( 0830 IST of 2025-12-17 to 0830 IST of 2025-12-18) |
|---|
| **अत्यधिक घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में । |
| **घना से बहुत घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>हरदोई, अयोध्या, अमरोहा, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में । |
| **घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, कासगंज एवं आसपास के इलाकों में । |
| **शीत दिवस की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में । |

| दिन-2 / Day-2 ( 0830 IST of 2025-12-18 to 0830 IST of 2025-12-19 ) |
|---|
| **अत्यधिक घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में । |
| **घना से बहुत घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>हरदोई, अयोध्या, अमरोहा, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में । |
| **घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, कासगंज एवं आसपास के इलाकों में । |
| **शीत दिवस की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में । |

| दिन-3 / Day-3 ( 0830 IST of 2025-12-19 to 0830 IST of 2025-12-20 ) |
|---|
| **घना से बहुत घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में । |
| **घना कोहरा की संभावना इस क्षेत्र में अधिक है –**<br>प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, कासगंज, अमरोहा, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में । |


घना से अत्यंत घना कोहरा एवं शीत दिवस मौसम चेतावनी (दिन-1)
DENSE TO VERY DENSE FOG AND COLD DAY WEATHER WARNING (DAY-1)
जारी दिनांक 17/12/2025
वैधता
from 0830 HRS IST of 17-12-2025
to 0830 HRS IST of 18-12-2025
WARNING ALL
No Warning(No Action)
Watch(Be Updated
Alert(Be Prepared)
Warning(Take Action)
DENSE FOG
COLD DAY
मौसम केंद्र, लखनऊ
Saharanpur
Muzaffarnagar
Bijnor
Baghpat
Meerut
Moradabad
Rampur
Ghaziabad
Hapur
Sambhal
Bareilly
Pilibhit
Gautam Budh Nagar
Bulandshahr
Badaun
Lakhimpur-Kheri
Shahjahanpur
Aligarh
Kanshiramnagar
Mathura
Hathras
Etah
Farrukhabad
Hardoi
Sitapur
Bahraich
Shravasti
Balrampur
Siddharthnagar
Maharajganj
Firozabad
Mainpuri
Agra
Kannauj
Lucknow
Barabanki
Gonda
Basti
St.Kabir Nagar
Kushinagar
Gorakhpur
Etawah
Auraiya
Unnao
Ayodhya
Ambedkar Nagar
Deoria
Kanpur Dehat
Kanpur Nagar
Raebareli
Amethi
Sultanpur
Azamgarh
Mau
Ballia
Jalaun
Fatehpur
Pratapgarh
Jaunpur
Ghazipur
Jhansi
Hamirpur
Banda
Kaushambi
Allahabad
Varanasi
Chandauli
Mahoba
Chitrakut
M.P. part
Mirzapur
Lalitpur
Sonbhadra
N
30°N
29°N
28°N
27°N
26°N
25°N
24°N
77°E
78°E
79°E
80°E
81°E
82°E
83°E
84°E
85°E
86°E


घना से अत्यंत घना कोहरा एवं शीत दिवस मौसम चेतावनी (दिन-2)
DENSE TO VERY DENSE FOG AND COLD DAY WEATHER WARNING (DAY-2))
जारी दिनांक 17/12/2025
वैधता
from 0830 HRS IST of 18-12-2025
to 0830 HRS IST of 19-12-2025
WARNING ALL
No Warning(No Action)
Watch(Be Updated
Alert(Be Prepared)
Warning(Take Action)
DENSE FOG
COLD DAY
मौसम केंद्र, लखनऊ
Saharanpur
Muzaffarnagar
Bijnor
Baghpat
Meerut
Moradabad
Rampur
Ghaziabad
Hapur
Sambhal
Bareilly
Pilibhit
Gautam Budh Nagar
Bulandshahr
Badaun
Lakhimpur-Kheri
Shahjahanpur
Aligarh
Kanshiramnagar
Mathura
Hathras
Etah
Farrukhabad
Hardoi
Sitapur
Bahraich
Shravasti
Balrampur
Siddharthnagar
Maharajganj
Firozabad
Mainpuri
Agra
Kannauj
Lucknow
Barabanki
Gonda
Basti
St.Kabir Nagar
Kushinagar
Gorakhpur
Etawah
Auraiya
Unnao
Ayodhya
Ambedkar Nagar
Deoria
Kanpur Dehat
Kanpur Nagar
Raebareli
Amethi
Sultanpur
Azamgarh
Mau
Ballia
Jalaun
Fatehpur
Pratapgarh
Jaunpur
Ghazipur
Jhansi
Hamirpur
Banda
Kaushambi
Allahabad
Varanasi
Chandauli
Mahoba
Chitrakut
M.P. part
Mirzapur
Lalitpur
Sonbhadra
N
30°N
29°N
28°N
27°N
26°N
25°N
24°N
77°E
78°E
79°E
80°E
81°E
82°E
83°E
84°E
85°E
86°E




| कोहरे की श्रेणी | सतही दृश्यता (मीटर में) | कोहरे की श्रेणी | सतही दृश्यता (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| **अत्यन्त घना कोहरा** | **सतही दृश्यता < 50 मीटर में** | **मध्यम कोहरा** | **200 मीटर ≤ सतही दृश्यता < 500 मीटर** |
| **घना कोहरा** | **50 मीटर ≤ सतही दृश्यता < 200 मीटर** | **छिछला कोहरा** | **500 मीटर ≤ सतही दृश्यता < 1000 मीटर** |

***मौसम केंद्र लखनऊ निरंतर परिस्थितियों की निगरानी कर रहा है तथा आवश्यकतानुसार अपडेट प्रदान करेगा |***

भारत सरकार/Govt. of India
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/Ministry of Earth Sciences
भारत मौसम विज्ञान विभाग/India Meteorological Department
मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ/Meteorological Centre Lucknow

Years of Service to the Nation
राष्ट्र सेवा के 150 वर्ष

## जनसाधारण पर कोहरा/शीत दिवस का प्रभाव

| प्रभाव(IMPACT): कोहरा (FOG) /शीत दिवस (COLD DAY) | |
|---|---|
| **प्रभाव (IMPACT)** | **सुझाव (SUGGESTION)** |
| ड्राइविंग करने में कठिनाई | वाहन चलाते समय या किसी परिवहन माध्यम से बहार निकलते समय सावधान रहें। |
| सड़क यातायात में टकराव की संभावना | वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें। |
| हवाईअड्डों पर दृश्यता न्यूनतम होने से विमानों की लैंडिंग/टेकऑफ पर असर पड़ सकता है। | यात्रा के किसी भी पुनर्निर्धारण के लिए एयरलाइन्स, रेलवे और राज्य परिवहन से संपर्क में रहें। |
| **फेफड़ों से सम्बंधित स्वास्थ्य:** घने कोहरे में सूक्ष्म कण और अन्य प्रदूषक तत्व होते हैं जो फेफड़ों में जमा हो जाते हैं, जिससे वे अवरुद्ध हो जाते हैं और उनकी कार्य छमता कम हो जाती है। परिणामस्वरूप घरघराहट, खांसी और सांस लेने में तकलीफ की समस्या बढ़ जाती है। | जब तक आपातकालीन स्थिति न हो तब तक बाहर निकलने से बचें और चेहरे को ढक कर रखें। |
| **आँखों में जलन:** घने कोहरे में विभिन्न प्रकार के प्रदूषण होने के कारण आँखों की झिल्लियों में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे विभिन्न संक्रमण हो सकते हैं, आंखों में लालिमा और सूजन भी हो सकती है। | |

## कृषि पर प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान

| घना कोहरा | | | |
|---|---|---|---|
| **फसल** | **अवस्था** | **फसल पर असर पड़ने की संभावना** | **सलाह** |
| **गन्ना** | परिपक्वता / अंतिम वृद्धि | शर्करा प्रतिशत में कमी। कीट–रोग बढ़ना तथा पकने में देरी। | कोहरे में सिंचाई न करें, सूखी पत्तियाँ हटाएँ, कीटों की निगरानी करें। |
| **अरहर** | फली बनना– पकना | फली में नमी बढ़ना एवं फफूंद रोग। | वायु संचार बढ़ाएँ और सिंचाई रोकें तथा पकी फलियों की समय पर कटाई करें। |
| **सरसों** | फूल– फली प्रारंभ | फूल आने में देरी तथा माहू की वृद्धि। | माहू कीटों की निगरानी करें तथा अनुशंसित दवा का छिड़काव करें। |
| **मटर** | फूल–फली | मिल्ड्यू रोग तथा फली भरने में देरी। | निचली पत्तियाँ हटाएँ और फफूंदनाशक दवा का छिड़काव करें तथा अधिक सिंचाई न करें। |
| **चना** | वानस्पतिक– फूल अवस्था | वृद्धि रुकना। | खेत में हवा की व्यवस्था रखें और देर शाम सिंचाई न करें तथा फफूंदनाशक दवा का छिड़काव करें। |
| **आलू** | गांठ बनना–गांठ बढ़ना | पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप बढ़ जाता है तथा विकास में देरी। | रोकथाम हेतु फफूंदनाशक छिड़कें तथा शाम में सिंचाई न करें। |
| **गेहूँ** | सीआरआई - कल्ले | पीलापन, पत्ती रोग, धीमा विकास। | सुबह हल्की सिंचाई करें तथा खेत को खरपतवार मुक्त रखें। |
| **फूलगोभी,पत्तागोभी, टमाटर, बैंगन, मिर्च, गाजर, मूली आदि** | वानस्पतिक/फूल/तोड़ाई | पत्ती धब्बा, सड़न, फल पकने में देरी। | वायु संचार बढ़ाएँ और रोगग्रस्त पत्तियाँ हटाएँ तथा फफूंदनाशक दवा का छिड़काव करें। |
| **केला/पपीता** | वानस्पतिक–फल/तोड़ाई | पत्तियाँ देर तक गीली रहना, फफूंद संक्रमण, फलों पर दाग पड़ना। | ऊपर से सिंचाई बंद करें तथा रोगग्रस्त पत्तियाँ हटाएँ। |

| शीत दिवस | | | |
|---|---|---|---|
| **फसल** | **अवस्था** | **फसल पर असर पड़ने की संभावना** | **सलाह** |
| गन्ना | परिपक्व / अंतिम वृद्धि | वृद्धि रुकना, शर्करा प्रतिशत कम होना, पत्तियों का झुलसना | ठंडी रात में सिंचाई न करें, सुबह हल्की सिंचाई करें ताकि ठंड का प्रभाव कम हो |
| अरहर | फली बनना–पकना | फूल/फली झड़ना, बीज विकास धीमा | पकी फलियों की समय पर कटाई करें, ठंड में सिंचाई न करें |
| सरसों | फूल–फली प्रारंभ | फूल झड़ना, वृद्धि धीमी | हल्की सिंचाई करें, ठंड में नाइट्रोजन का प्रयोग न करें |
| मटर | फूल–फली | फली सिकुड़ना, पाला लगना | हल्की सिंचाई करें, कोमल पौधों को ढकें |
| चना | वानस्पतिक–फूल | पत्तियों का झुलसना, वृद्धि रुकना | ठंडी रात से पहले सिंचाई करें, सुबह खेत में कार्य न करें |
| आलू | गांठ बनना–गांठ बढ़ना | गांठ फटना, पत्तियों पर पाला लगना | हल्की सिंचाई करें, मिट्टी चढ़ाएँ, देर शाम सिंचाई न करें |
| गेहूँ | सी.आर.आई.–कल्ले | पीलापन, कल्ले कम बनना | सी.आर.आई.अवस्था पर पहली हल्की सिंचाई करें, अधिक पानी न दें। |
| फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, बैंगन, मिर्च, गाजर, मूली आदि | वानस्पतिक/फूल/तोड़ाई | पाला लगना, फल फटना, पत्तियाँ जलना | मल्चिंग करें, पौधों को ढकें, हल्की सिंचाई करें |
| केला / पपीता | वानस्पतिक–फल/तोड़ाई | पत्तियाँ झुलसना, फल झड़ना, पाले से नुकसान | पौधों को पुआल/पॉलीथिन से ढकें, सिंचाई करें, नई पत्तियाँ न हटाएँ |

भारत सरकार/Govt. of India
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/Ministry of Earth Sciences
भारत मौसम विज्ञान विभाग/India Meteorological Department
मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ/Meteorological Centre Lucknow

Years of Service to the Nation
राष्ट्र सेवा के 150 वर्ष

मौसमकेंद्र, लखनऊ - IMD Uttar-Pradesh
@CentreLucknow

https://x.com/CentreLucknow

मौसमकेंद्रलखनऊ - IMD Uttar-Pradesh
@mclucknow

https://www.facebook.com/mclucknow

मौसमकेंद्र, लखनऊ- IMD Uttar-Pradesh
@imd-lucknow

https://youtube.com/@imd-luck

*Please download the following apps for latest weather alert*




**Mausam App**
Get Latest Weather Updates

Android
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.imd.masuam&pcampaignid=web_share
Apple Ios
https://apps.apple.com/us/app/mausam/id1522893967



**Meghdoot App**
Get Latest Weather Updates for Agriculture

Android
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot&pcampaignid=web_share
Apple Ios
https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155



**Damini App**
Lightning Alerts, Live Lightning you and in India

Android
https://play.google.com/store/details?id=com.lightening.live.ni&pcampaignid=web_shar
Apple Ios
https://apps.apple.com/app/ic2385645

0522-2[illegible]5283 https://mausamgram.imd.gov.in
mclucknow@gmail.com